**ग्रामीण कृषि मौसम सेवा**
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

# मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

**दिनांक : 13-06-2023**

**उधम सिंह नगर(उत्तराखंड ) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-06-13 ( अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)**

| मौसम कारक | 2023-06-14 | 2023-06-15 | 2023-06-16 | 2023-06-17 | 2023-06-18 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्षा (मिमी) | 0.0 | 5.0 | 2.0 | 0.0 | 1.0 |
| अधिकतम तापमान(से.) | 39.0 | 38.0 | 37.0 | 37.0 | 38.0 |
| न्यूनतम तापमान(से.) | 24.0 | 24.0 | 23.0 | 23.0 | 24.0 |
| अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 70 | 75 | 75 | 70 | 70 |
| न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 30 | 30 | 30 | 30 | 30 |
| हवा की गति (किमी प्रति घंटा) | 12 | 15 | 12 | 12 | 12 |
| पवन दिशा (डिग्री) | 290 | 230 | 230 | 230 | 230 |
| क्लाउड कवर (ओक्टा) | 0 | 2 | 1 | 0 | 3 |

## मौसम सारांश / चेतावनी:

पिछले सात दिनों (6 से 12 जून) में मौसम ज्यादातर साफ रहा। रिकॉर्ड की गई वर्षा 0.0 मिमी थी। अधिकतम और न्यूनतम तापमान 38.5 से 40.2 डिग्री सेल्सियस और 20.4 से 25.5 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। सुबह 0712 बजे सापेक्ष आर्द्रता 44 से 66% और शाम को 1412 बजे सापेक्ष आर्द्रता 21 से 33% के बीच रही। इस अवधि के दौरान हवा की गति 3.3 से 7.5 किमी/घंटा थी जबकि हवा की दिशा ज्यादातर उत्तर-उत्तर-पूर्व थी। पांच दिनों के पूर्वानुमान अनुसार 14, 15 और 17 को हलकी बूंदा-बांदी होने के आसार है । ज्यादातर दिनो मे बादल छाये रहने का अनुमान है। अनुमानित अधिकतम और न्यूनतम तापमान 37.0-39.0 डिग्री सेल्सियस और 23.0-24.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा। पूर्वानुमान अनुसार हवा की गति 12-15 किमी/घंटा रहेगी तथा हवा की दिशा दक्षिण पश्चिम रहेगी । चेतावनी: पूर्वानुमान के अनुसार यूएस नगर के कुछ स्थानों पर 14 जून को हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। 14 जून के लिए अलर्ट घोषित किया गया है, जहां यूएस नगर के अलग-अलग स्थानों पर बिजली गिरने और आंधी (60-70 किमी प्रति घंटे) आने की संभावना है । इसी तरह की स्थिति 13 और 17 जून को भी जारी रह सकती है। बाकी अवधि के दौरान शुष्क मौसम बना रहेगा ।

## सामान्य सलाहकार:

विस्तारित रेंज पूर्वानुमान के अनुसार, पूर्वानुमानित प्रवृत्ति दर्शाती है कि यूएस नगर जिले में वर्षा में बड़ी कमी रहेगी और वर्षा का सामान्य से अतिरिक्त प्रस्थान (20-59%) रहेगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मिश्रित NDVI समग्र मानचित्र ने संकेत दिया कि उधम सिंह नगर के लिए 0.2-0.35 के बीच का NDVI यानी जिले में कृषि शक्ति मध्यम है। किसानों को सलाह दी जाती है कि वे पिछले सप्ताह का मौसम, मौसम पूर्वानुमान और कृषि मौसम संबंधी सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" और बिजली की जानकारी प्राप्त करने के लिए "दामिनी ऐप" डाउनलोड करें। मेघदूत और दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉइड यूजर्स) और ऐप सेंटर (आईओएस यूजर्स) से डाउनलोड किया जा सकता है।

## लघु संदेश सलाहकार:

| |
|---|
| पूर्वानुमान के अनुसार, 14 जून को जिले के अलग-अलग स्थानों पर बिजली गिरने, तेज बारिश और आंधी (60-70 किमी प्रति घंटे से 80 किमी प्रति घंटे) की संभावना का अलर्ट है। |

## फ़सल विशिष्ट सलाह:

| फ़सल | फ़सल विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| चावल | धान की शीघ्र पकने वाली किस्में गोविन्द, नरेंद्र 118, नरेंद्र 97, साकेत 4 , अदि की पौध 20 जून तकदाल दे। सुगन्धित धान की किस्में-टाइप 3, तरावड़ी बासमती, पूसा बासमती-1, बासमती-370, पंत सुगन्ध धान 15, पंत सुगन्ध धान-17, पंत सुगनध धान- 21, पूसा सुगन्ध-2, पूसा सुगन्ध-3, पूसा सुगन्ध-4 पूसा-1121, पूसा सुगन्ध-5, पी0आर0एच-10 आदि की पौध 15 जून से 30 जून तक डाल लें। धान की पौध गीली तथा शुष्क विधि से तैयार की जा सकती है। गीली विधि में पौध छेत्र में 15 -20 दिन पहले पानी लगा दें ताकि खरपतवार जैम जायेंगे और खेत तैयार करते समय खेत में मिल जायेगा । शुष्क विधि से खाद डालकर खेत तैयार कर ले और 5 -10 से. मी. की दूरी पर कतारों में 500 ग्राम बीज प्रति 10 वर्ग मी. की दर से बुवाई करें और बुवाई के बाद पानी लगा दें। धूप अधिक होने पर धन की क्यारियों को बचने के लिए शेडनेट का प्रयोग करें। |
| अरहर (लाल चना/अरहर) | गेहूं की बुवाई संभव होने की स्थिति बनाये रखनेके लिए अरहर की शीघ्र पकने वाली प्रजातियां की बुवाई जून के मध्य तक कर लेनी चाहिए । बुवाई से पहले बीज को सर्वप्रथम 8 ग्राम/केजी जैव नियंत्रक ट्रिचोडेर्मा पाउडर से उपचारित करना चाहिए और फिर रहिजोबियम एवं पी. एस. बी. जैव उर्वकों से बीजोपचार करना चाहिये । किसी भी कृषि गतिविधियों को पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए। |
| मक्का | खरीफ मक्का की बुवाई का सबसे अच्छा समय जून का पहला पखवाड़ा है। मक्का की संकुल किस्में जैसे तरुण, नवीन, किरण, नवजोत, प्रताप मक्का-1, पूसा संकुल 3 और 4 की बुवाई करें। बीज दर 18-20 किग्रा/हेक्टेयर रखें और बुवाई 60-75 सेमी की दूरी पर करें। किसी भी कृषि गतिविधियों को पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए। |
| मूँग | मूँग की फसल को पकते ही काट लें। कटाई में विलम्ब न करें अन्यथा दाने फलियों के चटकने से जमीन पर गिरते हैं। मूंग की 80 प्रतिशत फलियों के पकते ही, फलियों की तोड़ाई करके, हरे पौधों को खेत में ही हरी खाद के रूप में पलट दें। किसी भी कृषि गतिविधियों को पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए। |
| काला चना | उर्द की फसल को पकते ही काट लें। कटाई में विलम्ब न करें अन्यथा दाने फलियों के चटकने से जमीन पर गिरते हैं। उर्द की 80 प्रतिशत फलियों के पकते ही, फलियों की तोड़ाई करके, हरे पौधों को खेत में ही हरी खाद के रूप में पलट दें। किसी भी कृषि गतिविधियों को पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए। |

## बागवानी विशिष्ट सलाह:

| बागवानी | बागवानी विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| बैंगन | गोल बैंगन की बुवाई और रोपाई का यह सही समय है। रोपाई शाम के समय की जानी चाहिए। कतार से कतार की दूरी 75 सैं.मी. और पौधे से पौधे की दूरी 60-75 सें.मी. पर्याप्त होनी चाहिए। हले से तैयार बैंगन की फसल की कटाई की जानी चाहिए। |
| नींबू | निंबू का नया बाग लगाने के लिये गड्ढो की भराई करें । |
| आड़ू | आड़, आलुबुखारा और नाशपाती को तोड़कर खेत की सिंचाई करनी चाहिए। किसी भी कृषि गतिविधियों को पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए। |
| कद्दू | कद्दु वर्गीय फसलों में बेल सूखने की समस्या के नियंत्रण हेतु सूखे हुए बेल को काटकर नष्ट कर दें तथा जड़ों की कार्बेन्डाजिम 0.1 प्रतिशत (1 ग्राम प्रति लीटर) की दर से घोल बनाकर सिंचाई करें । किसी भी कृषि गतिविधियों को पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए। |
| मिर्च | मिर्च की फसल में ऊपर से डन्ठल काले पड़कर सूखने की समस्या की निदान हेतु संक्रमित शाखाओं को तोड़कर हटा दें एवं कार्बेन्डाजिम का 0.1 प्रतिशत की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें। रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें। किसी भी कृषि गतिविधियों को पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए। |
| हल्दी | हल्दी की कम एवं मध्यम अवधि वाली किस्मो की बुवाई 15 जून तक की जानी चाहिए। समतल क्यारियों में पंक्ति से पंक्ति की दूरी ३० से. मी तथा कंद से कंद की दूरी 20-25 से. मी रखनी चाहिए । |
| अदरक | अदरक की बुआई 15 जून तक पूरी कर ली जाए और मल्च के उपयोग से खेत की नमी बनाए रखें । |

**पशुपालन विशिष्ट सलाह:**

| पशुपालन | पशुपालन विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| गाय | टेटनस, एंटरोटॉक्सिमिया और रक्तस्रावी सेप्टिसीमिया के खिलाफ जानवरों का टीकाकरण करें। छायादार पेड़ों का उपयोग करके जानवरों को अत्यधिक गर्मी से बचाएँ । चारे की अपर्याप्तता से बचने के लिए, किसानों को ऐसे समय के लिए चारे की जमा करके चाहिए। महत्वपूर्ण पोषक तत्वों की कमी से बचने के लिए, चारे के साथ पर्याप्त मात्रा में नमक मिश्रण प्रदान किया जाना चाहिए। |
| भेंस | दो से चार महीने की उम्र के जानवरों को काले पैर / काले क्वार्टर (बीक्यू) के खिलाफ टीका लगाया जाना चाहिए। भैंसों को पानी में रखें । |